## एक नजर में

### आईएमए की नवीन कार्यकारिणी घोषित




**नीमच।** विगत दिनों आई एम ए नीमच ब्रांच द्वारा सत्र 2025 –26 की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। निर्वाचन अधिकारी डॉ जेसी वर्मा, डॉक्टर राजेंद्र भंडारी ने बताया कि आई एम ए नीमच शाखा के नवीन सत्र के चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए जिसमें अध्यक्ष पद पर डॉ मनीष चमड़ियां, सचिव पद पर डॉक्टर आदित्य भंडारी तथा कोषाध्यक्ष पद पर डॉक्टर जेसी वर्मा निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। आगामी सत्र 1 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ हुआ है शेष कार्यकारिणी की घोषणा अगली बैठक में सर्वसम्मति से की जाएगी।

### नाथ योगी समाज ने समाधि स्थल के लिए भूमि आरक्षण की उठाई मांग



**नीमच।** नाथ योगी समाज से जुड़े गुरू गोरक्षनाथ इंटरनेशनल फाउंडेशन ने बुधवार को जिला प्रशासन से दो ग्रामों में समाधि स्थल हेतु भूमि आरक्षित करने की मांग की। इस संबंध में संगठन द्वारा जिला कलेक्टर नीमच के नाम ज्ञापन सौंपा गया, जिसे उनके प्रतिनिधि ने प्राप्त किया। ज्ञापन में मांग की गई है कि तहसील मनासा के ग्राम बर्डिया जागीर और ग्राम पिपल्यारावजी में शासकीय भूमि में से नाथ योगी समाज के लिए दो–दो बीघा भूमि समाधि स्थल अथवा श्मशान घाट के रूप में आरक्षित की जाए। फाउंडेशन की ओर से ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम बर्डिया जागीर में समाज के लगभग 20 से 25 और ग्राम पिपल्यारावजी में करीब 25 से 30 परिवार निवास करते हैं। वर्तमान में इन दोनों ग्रामों में समाज का कोई स्थायी समाधि स्थल उपलब्ध नहीं है, जिससे समाजजन अपने परिजनों की समाधि खेतों, कुओं या घरों के आसपास बनाते हैं। यह न तो परंपरागत रूप से उचित है और न ही सामाजिक दृष्टि से स्थायी समाधान है।संस्थान ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि संबंधित पटवारियों को निर्देशित कर दोनों ग्रामों में उपलब्ध शासकीय भूमि का सर्वे कराया जाए और समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप उपयुक्त भूमि चिन्हित कर आरक्षित की जाए। फाउंडेशन ने इसे समाज की धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा विषय बताते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय की अपेक्षा जताई है। साथ ही कहा गया है कि यदि प्रशासन द्वारा भूमि आरक्षित की जाती है तो नाथ योगी समाज सदैव आभारी रहेगा।

### आदिवासी ग्राम विजया तलाई प्राथमिक विद्यालय के छात्र पहुंचे पुलिस थाना सिंगोली



**सिंगोली।** आदिवासी बाहुल्य ग्राम विजय तलाई के प्राथमिक शाला विजय तलाई के कक्षा चार एवं कक्षा 5 के बालक एवं बालिकाओं को सिंगोली थाने पर भ्रमण करवाया गया भ्रमण के दौरान छात्रों ने थाना प्रभारी बी एल भाबर से मुलाकात की मुलाकात के दौरान थाना प्रभारी ने स्कूली छात्रों को अवगत कराते हुए बताया कि पुलिस लोगों की जान और माल की रक्षा करती है तथा गलत कार्य करने वालों को सजा दिलाने का कार्य करती है थाना प्रभारी ने सभी बच्चों को टॉफी एवं बिस्किट तथा चाय पिलाई थाने के स्टाफ द्वारा बच्चों के साथ वार्तालाप की गई एवं झातला बीट के प्रभारी श्री रुद्र प्रताप सिंह व प्रधान आरक्षक विशाल गंगवाल द्वारा बच्चों से वार्तालाप की एवं बच्चों को थाने संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारी प्रदान की गई बच्चों द्वारा बताया गया कि पुलिस थाने पर पुलिस एवं स्टाफ द्वारा अच्छा व्यवहार किया गया अच्छे व्यवहार की बच्चों ने प्रशंसा की तथा थाना प्रभारी का बच्चों द्वारा एवं शाला प्रधान बाबूलाल छिपा एवं अतिथि शिक्षक सुनील प्रजापत द्वारा आभार प्रकट किया गया।

### करणी सेना परिवार का हुआ संगठन विस्तार

**सिंगोली।** 36 कौम को साथ लेकर जनहित की दिशा में निरन्तर संघर्ष करने वाले देश के सबसे बड़े सामाजिक संगठन करणी सेना परिवार मध्य प्रदेश के प्रमुख ठाकुर जीवन सिंह शेरपुर की अनुशंसा और जिला अध्यक्ष गिरिराज सिंह रूपपुरा एवं सिंगोली तहसील अध्यक्ष प्रदीप सिंह चुण्डावत अरनिया,नगर अध्यक्ष जितेंद्र सिंह हाड़ा की सहमति से विगत वर्षों के सामाजिक कार्यो को देखते हुए सिंगोली तहसील कार्यकारिणी टीम जिला नीमच करणी सेना परिवार सिंगोली तहसील का विस्तार जिलाध्यक्ष के आदेश अनुसार किया गया जिसमें तहसील उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ठि .ताल, व नरेंद्र सिंह ठि .जसवंतपुरा, तहसील महामंत्री विक्रम सिंह ठि .जराड़, तहसील संगठन मंत्री ठा. गोपाल सिंह ठि .मेघपुरा चौहान, तहसील महासचिव रघुनाथ सिंह ठि .जराड़, तहसील मंत्री बालू सिंह ठि .अरनिया, तहसील मंत्री बलवीर सिंह गौड़ ठि. मेघपुरा गौड़, तहसील मीडिया प्रभारी महेंद्र सिंह राठौड़ सिंगोली, तहसील सचिव कुंवर रणदीप सिंह टोकरा ,तहसील सह सचिव महेंद्र सिंह चुण्डावत फुसरिया, तहसील मंत्री कुशाल सिंह हाथीपुरा, तहसील संयोजक विरेंद्र सिंह जसवंतपूरा, तहसील सह संजोयक, युवराज सिंह अथवा, सिंगोली नगर उपाध्यक्ष रतन सिंह सिंगोली को बनाया गया जिससे संगठन में हर्ष की लहर व्याप्त होकर बधाई शुभकामनायें देने का दौर शुरू हो गया है

### भक्ति गीतों पर थिरके संस्था सदस्य



**मन्दसौर।** महावीर इंटरनेशनल संस्था मंदसौर द्वारा शरद पूर्णिमा के अवसर पर पारिवारिक मिलन समारोह व डांडिया नाइट प्रोग्राम आयोजित किया गया। संस्था अध्यक्ष भागचंद खंडेलवाल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम सांस्कृतिक समृद्धि को बढ़ावा देते है। महावीर इंटरनेशनल ग्रुप द्वारा आयोजित गरबा पार्टी एम आई डांडिया नाइट का आयोजन इस वर्ष भी धूमधाम से किया गया। जिसमें संस्था सदस्यों ने उत्साह से भाग लिया और गरबा नृत्य का आनंद लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मेरी भावना प्रार्थना से की गई, कार्यक्रम में जज के रूप में उपस्थित कोरियोग्राफर शालिनी परवाल मंचासीन थे। संस्था सदस्य द्वारा माला और मोमेंटो से अतिथियों का स्वागत और सम्मान किया गया। डांडिया नाइट में बेस्ट कपल ड्रेस अप में वीर योगेश प्रीति भट्ट, वीर अखिलेश रेखा धींग, वीर प्रतीक अंजलि महेश्वरी को पुरस्कृत किया गया, बेस्ट कपल परफॉर्मेंस में वीर अमन शुभी गर्ग, वीर राजेश मेघा गर्ग और वीर ऋषभ प्रीति पोरवाल को पुरस्कृत किया गया। पारंपरिक गरबा वेशभूषा में उपस्थित सभी बच्चों को भी प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया, साथ ही पंक्चुअल कपल मनीष गुप्ता रिस्पांसिबल कपल में रजनीश सेठिया को अवार्ड भी दिए गए। संचालन सीए प्रजवी आयुष जैन ने किया, आभार सचिव भावेश बक्षी ने माना।

# मंडी में मूंगफली की नीलामी को लेकर हंगामा, किसानों ने रोकी बोली प्रक्रिया

▸ अधिकारियों की समझाइश के बाद मामला सुलझा



**नीमच। बुधवार को नीमच कृषि उपज मंडी में मूंगफली की नीलामी के दौरान मूल्य निर्धारण को लेकर किसानों और व्यापारियों के बीच विवाद उत्पन्न हो गया। मामला तब तूल पकड़ गया जब एक किसान को घोषित बोली मूल्य से कम का भुगतान दिए जाने की जानकारी मिली। इस पर आक्रोशित किसानों ने मंडी परिसर का मुख्य गेट बंद कर नीलामी प्रक्रिया को अस्थायी रूप से रोक दिया।**

जानकारी के अनुसार, सुवासरा से आए एक किसान की मूंगफली की बोली 4650 रुपये प्रति क्विंटल लगी थी, लेकिन जब उसे भुगतान की पर्ची दी गई तो उस पर मात्र 4400 रुपये प्रति क्विंटल अंकित थे। मूल्य में अंतर पाकर किसान ने विरोध जताया, जिस पर अन्य किसान भी उसके समर्थन में आ गए। आरोप है कि जब किसानों ने विरोध किया, तो व्यापारियों ने भाव और घटा कर 4200 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया, जिससे मामला और अधिक गरमा गया।

घटना की जानकारी मिलने पर मंडी निरीक्षक समीर दास सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने दोनों पक्षों के बीच संवाद स्थापित कर समझाइश दी। मंडी प्रशासन ने तकनीकी त्रुटि स्वीकार करते हुए बताया कि बुधवार को मूंगफली की आवक अपेक्षाकृत अधिक थी, जिससे नीलामी पर्चियों में मूल्य संबंधित त्रुटि हो गई। मंडी निरीक्षक समीर दास ने कहा कि ×द्यस्रह्लह्वश;किसान को भाव को लेकर भ्रम था। भीड़ के कारण सुनने और लिखने में चूक हो गई थी।

करीब 10 मिनट तक नीलामी प्रक्रिया रुकी रही। बाद में बातचीत के जरिए सहमति बनते ही प्रक्रिया पुन: शुरू कर दी गई। सहमति के अनुसार, मूंगफली का अंतिम भाव 4600 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया, जिसे किसानों ने स्वीकार कर लिया। फिलहाल मंडी परिसर में स्थिति सामान्य है और नीलामी प्रक्रिया सुचारु रूप से चल रही है।

## स्कुली छात्रों के लिए साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन



**नीमच।** भारत सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अंकित जायसवाल द्वारा जिलें के सभी थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों को राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के अन्तर्गत जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किये जाने हेतु निर्देश दिये गये है।

राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के दौरान चलाये जा रहे अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन को ऑनलाइन ठगी, फर्जी निवेश, अवैध लोन एप्स, सोशल मीडिया फ्रॉड एवं डिजिटल ब्लैकमेलिंग जैसे साइबर अपराधों से बचाव के उपायों से अवगत कराना है।

पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अंकित जायसवाल के नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री नवल सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन में पुलिस थाना कुकडेंश्वर द्वारा शासकीय हायर सेकेण्डरी विद्यालय कुकड़ेश्वर एवं पुलिस थाना जावद द्वारा ऐक्सीम विद्यालय सरवानिया महाराज में छात्रों, शिक्षकों एवं विद्यालय स्टाफ को विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों की जानकारी दी गई। स्कुली छात्रों एवं स्टॉफ को बताया गया कि वे किसी अज्ञात लिंक, ईमेल या संदेश पर क्लिक न करें, अनजान एप डाउनलोड न करें तथा अपनी बैंक संबंधित गोपनीय जानकारी, पासवर्ड या ओटीपी किसी को भी साझा न करें।

## महंगाई राहत की मांग को लेकर पेंशनरों ने सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन




**नीमच। संयुक्त विभाग पेंशनर संघ, नीमच ने बुधवार को महंगाई राहत ( डीए ) की बकाया राशि के भुगतान की मांग को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम एक ज्ञापन जिलाधीश प्रतिनिधि को सौंपा। संगठन ने ज्ञापन के माध्यम से प्रदेश के पेंशनरों और परिवार पेंशनरों को लंबित डीए शीघ्र जारी किए जाने की मांग की है।**

संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि 1 जनवरी 2025 से 2 प्रतिशत और 1 जुलाई 2025 से 3 प्रतिशत महंगाई राहत बकाया है। इसके बावजूद मध्यप्रदेश सरकार ने अब तक कोई आदेश जारी नहीं किया है। जबकि अधिकांश राज्यों में केंद्र सरकार की तिथि से ही डीए का भुगतान नियमित रूप से किया जा रहा है।

पेंशनर संघ का आरोप है कि मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ सरकारें म.प्र. पुनर्गठन आयोग 2000 की धारा 49(6) का हवाला देकर जानबूझकर छह से आठ माह की देरी से डीए जारी करती हैं। संगठन ने इसे पेंशनरों का आर्थिक शोषण बताते हुए कहा कि उत्तराखंड और झारखंड जैसे राज्यों में ऐसी कोई बाध्यता नहीं है, फिर भी वहां समय पर भुगतान किया जाता है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि मुख्यमंत्री स्वयं सार्वजनिक रूप से प्रदेश में आर्थिक संकट न होने की बात कह चुके हैं, इसके बावजूद डीए रोका जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। पेंशनर संघ ने चेतावनी दी कि यदि ज्ञापन प्राप्ति की तिथि से एक सप्ताह के भीतर 1 जनवरी 2025 से 55 प्रतिशत और 1 जुलाई 2025 से 58 प्रतिशत महंगाई राहत के आदेश जारी नहीं किए गए, तो पेंशनर आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

संघ ने यह भी कहा कि यदि सरकार पेंशनरों का वाजिब हक नहीं देती है, तो मुख्यमंत्री को नैतिकता के आधार पर पद से इस्तीफा देना चाहिए। ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ पेंशनर मौजूद रहे।

## बीज मसाला फसलों की खेती को लाभकारी

▸ मंदसौर में मेथी व कलौंजी की उन्नत खेती पर फ्रंट लाइन डेमोस्ट्रेशन का आयोजन




**मंदसौर। राष्ट्रीय बीज मसाला अनुसंधान केंद्र अजमेर, राजस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र मंदसौर के सहयोग से मेथी और कलौंजी फसलों पर फ्रंट लाइन डेमोस्ट्रेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के प्रगतिशील किसानों को इन दोनों फसलों की उन्नत किस्मों – 'अजमेर मेथी–5' तथा 'अजमेर कलौंजी–20' के बीज वितरित किए गए।**

कार्यक्रम के दौरान किसानों को बीज के साथ ट्राइकोडर्मा पाउडर (बीज उपचार हेतु) तथा मेथी और कलौंजी की उन्नत उत्पादन तकनीकों से संबंधित जानकारीपूर्ण लीफलेट्स भी वितरित किए गए।

इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र मंदसौर के प्रमुख डॉ. जी एस चुण्डावत, तथा राष्ट्रीय बीज मसाला अनुसंधान केन्द्र अजमेर से आए वैज्ञानिक डॉ. एम.डी. मीणा और डॉ. संजय कुमार उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. एम.डी. मीणा और डॉ. संजय कुमार ने किसानों को मेथी और कलौंजी की उन्नत उत्पादन तकनीकों, बीज उपचार, पोषक प्रबंधन और रोग नियंत्रण संबंधी वैज्ञानिक जानकारी विस्तार से प्रदान की। उन्होंने किसानों को बीज मसाला फसलों की खेती को लाभकारी व्यवसाय के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

डॉ. जी एस चुण्डावत ने अपने संबोधन में कहा कि किसानों को बीज मसाला फसलों की खेती वैज्ञानिक पद्धति से करनी चाहिए ताकि उत्पादन एवं गुणवत्ता दोनों में सुधार हो सके। उन्होंने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र और राष्ट्रीय बीज मसाला अनुसंधान केन्द्र मिलकर किसानों को समय–समय पर तकनीकी सहयोग प्रदान करते रहेंगे।

कार्यक्रम के अंत में किसानों ने वैज्ञानिकों से विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की और नई तकनीकों को अपने खेतों में अपनाने का संकल्प लिया।

## पथ संचलन का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत भी किया

▸ दशपुर बीसा पोरवाल सोश्यल ग्रुप ने पारिवारिक मिलन और गरबा उत्सव आयोजित किया



**मन्दसौर। दशपुर बीसा पोरवाल सोशल ग्रुप मंदसौर ने सिन्धु महल पर पारिवारिक मिलन और गरबा उत्सव मनाया गया। साथ ही ग्रुप द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी दिवस पर निकले पथ संचलन का भव्य स्वागत भी किया गया।**

ग्रुप अध्यक्ष सीए मयंक जैन ने बताया कि गरबा उत्सव का सभी वर्ग ने खूब आनंद लिया। सर्व प्रथम नन्हे बच्चों ने गरबा किया, तत्पश्चात बालिकाओं का गरबा हुआ और फिर ग्रुप महिला सदस्यों का एवं कपल गरबों का बहुत ही सुंदर प्रदर्शन किया। ग्रुप परिवार द्वारा फ्री स्टाइल गरबा किया गया एवं सभी ने गरबा का खूब आनंद लिया। गरबा प्रशिक्षण श्रीमती आयुषी ईशान पोरवाल द्वारा कराया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती शोभिता रितेश पोरवाल द्वारा किया गया कार्यक्रम में श्री अर्पित पोरवाल वर्णमण्डल मार्वल फेशंस द्वारा सभी बच्चों को एवं विजेताओं को उपहार एवं डिस्काउंट कूपन भी वितरित किए गए।

अंत में ग्रुप अध्यक्ष सीए मयंक जैन ने इतने उत्साह से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों का एवं प्रोजेक्ट चेयरमैन निता – नितिन रिछावरा सलोनी – शोभित पोरवाल श्रेहा अंशुल पोरवाल शिवानी हर्षित पोरवाल शिखा राहुल पोरवाल का आभार व्यक्त किया। साथ हैं कार्यक्रम के आधार स्तंभ जिन्होंने सहयोग किया उनको भी धन्यवाद ज्ञापित किया।

इसके साथ ही दशपुर बीसा पोरवाल सोशयल ग्रुप मंदसौर द्वारा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी दिवस पर भव्य स्वागत पुष्प वर्षा कर किया। ग्रुप अध्यक्ष सीए मयंक जैन सभी सदस्यों को इस गौरव शाली क्षण का साक्षी बनाने के लिए प्रेरित किया। ग्रुप सदस्यों ने और बच्चों ने स्वागत में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और सभी का जोश देखते ही बनता था।

**एक नजर** ▸ शरद पूर्णिमा तीन खबरें मिलाकर लीड बना लेवे

# लायंस क्लब मंदसौर ने मनाई शरद पूर्णिमा, हुए अनेक रंगारंग आयोजन



**मंदसौर। लायंस क्लब मंदसौर द्वारा शरद पूर्णिमा पर्व के अवसर पर क्लब की जनरल मीटिंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्लब सदस्यों ने परिवार सहित गरबा एवं डांडिया में उत्साहपूर्वक भाग लिया।**

अध्यक्ष लायन रत्नेश कुदार ने मीटिंग में पिछले तीन माह की क्लब गतिविधियों एवं सिंगापुर ट्रिप की जानकारी दी। इस अवसर पर क्लब में चार नए सदस्यों डॉ. प्रवीण भोज, डॉ. निलेश नागायच, डॉ. अनुभव शुक्ला और डॉ. आयुष मेहता का स्वागत किया गया। आयोजन में सहभागिता करने वाले सभी क्लब सदस्यों का आभार क्लब सचिव डॉ. विक्रांत भावसार ने माना।

आयोजन में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया जिसमें बेस्ट कपल गरबा में प्रथम डॉ. पवन मेहता एवं श्रीमती निशा मेहता, द्वितीय जितेंद्र सोनी एवं श्रीमती मनीषा सोनी, बेस्ट कपल ड्रेस अप में प्रथम डॉ. कमलेश पमनानी एवं श्रीमती डॉ. रश्मि पमनानी, द्वितीय श्री सिद्धार्थ पोरवाल एवं श्रीमती रितिका पोरवाल, बेस्ट वरिष्ठ कपल में प्रथम प्रवीण राठौर एवं श्रीमती प्रीति राठौर, द्वितीय डॉ. के. सी. श्रीमाल एवं श्रीमती आशा श्रीमाल, बेस्ट परफॉर्मेंस ऑफ प्रोग्राम सुशील जैसवानी एवं श्रीमती वेदिका जैसवानी रहे। बच्चों में बेस्ट ड्रेस अप यशविता भावसार एवं वीर पमनानी को पुरस्कृत किया।

कार्यक्रम में जज की भूमिका डॉ. ज्योति शुक्ला, श्रीमती ज्योति भाचावत एवं डॉ. प्रीति मानावत ने निभाई प्रोजेक्ट चेयरमैन के रूप में डॉ. गुंजन मेहता, दीपक चौधरी, मोहित मारू, डॉ. शुभम चेलावत, डॉ. सुशील चिचानी एवं अंकुश सोनगरा ने सफल संचालन में सहयोग दिया।

इस अवसर पर क्लब के बलजीत सिंह नारंग, डॉ प्रदीप चेलावत, प्रदीप कीमती, सुभाष बग्गा, त्रिलोक सिंह नारंग, परमानंद अग्रवाल, आसदीप साहनी, विजय सुराणा, सुनील बाफना, डॉ संतोष शुक्ला, जगदीश चौधरी, मनोहर सोनगरा, मनीष चौधरी, मारुती पोरवाल, जितेंद्र मित्तल, दिनेश सैनी, हेमंत मेहता, मुकेश माहेश्वरी, शैलेंद्र चौरडिया, जयप्रकाश बाहेती, जितेंद्र पोरवाल, संदीप गुप्ता, सुनील विजयवर्गीय, नेम गांधी सहित बड़ी संख्या में क्लब सदस्य परिवार सहित उपस्थित थे।